# दिल्ली ब्लास्ट के बाद सतना-मैहर में पुलिस हाई अलर्ट आईजी ने कहा- नशा बेचने वालों की कमर तोड़ देंगे



**सतना/मैहर।** दिल्ली में हुई बम ब्लास्ट की घटना के मद्देनजर सतना और मैहर सहित पूरे रीवा संभाग में पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। मंगलवार को सतना पहुँचे पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) गौरव राजपूत ने स्पष्ट किया कि पूरे संभाग में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और पुलिसकर्मी लगातार निगरानी कर रहे हैं। आईजी गौरव राजपूत ने मीडिया से बात करते हुए यह भी कहा कि पुलिस नशा विरोधी मुहिम को लेकर पूरी सख्ती बरत रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और नशा बेचने वालों की कमर तोड़ दी जाएगी। उनका यह बयान क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। उधर,प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मैहर में भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मैहर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन पर सीएसपी महेंद्र सिंह और थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी अपनी टीम के साथ सक्रिय नजर आए। पुलिस दल ने माँ शारदा मंदिर में दर्शनार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वाहनों की गहन जाँच की। सुरक्षा के



मद्देनजर,पुलिस ने स्थानीय निवासियों और दुकानदारों को भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्हें किसी भी लावारिश सामग्री या संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर तत्काल मैहर पुलिस को सूचना देने को कहा गया है,ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद,सतना और मैहर पुलिस की यह सक्रियता शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

## खबर संक्षेप

### जनपद सदस्य के साथ गाली गलौच और झूमा झटकी का मामला

**सतना।** अमरपाटन जनपद पंचायत के वार्ड 20 से जनपद सदस्य कल्पना सिंह के साथ बीती रात उनके निवास के बाहर कुछ असामाजिक तत्वों ने गाली गलौच की। जब उन्होंने इस घटना का वीडियो बनाने की कोशिश की,तो आरोपियों ने उनका मोबाईल छीनने का प्रयास किया,जिसके चलते उनके साथ झूमा झटकी भी हुई। पीड़ित जनपद सदस्य ने तुरंत थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई और आवेदन दिया है।

### चोरों ने देर रात दो अलग-अलग जगहों पर चोरी की घटना को दिया अंजाम

**सतना।** अमरपाटन अज्ञात चोरों ने बीती देर रात शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। नवनिर्मित माँ दुर्गा मंदिर कॉम्प्लेक्स के पास एक कमरे में रखे जलेबी वाले के यहाँ से चोरों ने इलेक्ट्रिक तराजू,शक्कर की बोरी,तेल का डब्बा और अन्य सामान चुरा लिया। उधर,बेला कॉलोनी के पीछे एक निर्माणाधीन घर से चोरों ने लोहा,लोहा काटने वाली मशीन और अन्य सामान चुराया। दोनों पीड़ित अमरपाटन थाने पहुंचे और घटना की शिकायत दर्ज कराई है। सतना चौराहे के पास हुई चोरी में,सामान चुराकर मोटरसाइकिल से भागते हुए दो अज्ञात चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। अमरपाटन थाना पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है।

### गैवीनाथ मंदिर प्रांगण में पटाखा जलाने वाले युवकों पर एफआईआर दर्ज

**सतना।** सभापुर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर में स्थित गैवीनाथ शिव मंदिर प्रांगण में कुछ युवकों द्वारा ज्वलनशील/विस्फोटक पदार्थ पटाखा लेकर उतावलेपन और उपेक्षा पूर्ण ढंग से जलाने और विस्फोट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।पुलिस ने इस मामले पर संज्ञान लिया है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देश और चित्रकूट एसडीओपी राजेश बंजारे के मार्गदर्शन में,सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक शंखधर द्विवेदी ने तीनों युवकों की पहचान की। आरोपियों के विरुद्ध धारा 287, 288, 296 बी, 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पूर्व गृह मंत्री मिश्रा ने किए माता शारदा के दर्शन



**मैहर।** पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मैहर में माता शारदा के दर्शन किए। इस दौरान उनके साथ विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के पुत्र आदर्श चतुर्वेदी,नगरपालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी,सनत गौतम,आशीष मिश्रा,पवन दुबे,पारसनाथ तिवारी और कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोठी थाना पुलिस ने ढाबा संचालक को 64 लीटर से अधिक शराब के साथ किया गिरफ्तार!

**सतना।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर सतना पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाहियों के क्रम में,कोठी थाना पुलिस ने अवैध शराब बिक्री और पिलाने के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। कोठी थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कोठी सिंहपुर रोड किनारे ग्राम बरहना के पास स्थित सिंह ढाबा का संचालक जितेन्द्र सिंह अपने ढाबे में अवैध रूप से शराब बेच रहा है और लोगों को बैठाकर पिला भी रहा है। सूचना की गंभीरता



और ढाबे पर पूर्व में भी अवैध शराब पकड़े जाने के कारण,थाना प्रभारी कोठी ने तत्काल एक टीम को रवाना किया और त्वरित रेड (छापेमारी) की कार्यवाही को अंजाम दिया। रेड कार्यवाही के दौरान,पुलिस टीम को ढाबे के काउंटर और ढाबे के पीछे धान की फसल एवं झाड़ियों में छिपाकर रखी हुई कुल 64 लीटर 485 एम.एल. अवैध शराब मिली, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 44,796 है। पुलिस ने अवैध शराब को ज़ब्त कर लिया और ढाबा संचालक जितेन्द्र सिंह उर्फ भोले को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। कोठी पुलिस की इस सक्रिय कार्यवाही से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने साफ किया है कि इस प्रकार के अन्य अवैध शराब कारोबारी भी पुलिस के रडार पर हैं और उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## आक्रोशः मुख्यमंत्री के अभियान को ठेंगा! सतना का ऐतिहासिक 'जगत देव तालाब' बदहाली और गंदगी का शिकार, आस्था पर लग रहा 'दाग'!

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की महत्वाकांक्षी जल गंगे संवर्धन अभियान की सतना में खुलेआम अनदेखी की जा रही है,जिसका ज्वलंत उदाहरण शहर का ऐतिहासिक जगत देव तालाब बन चुका है। शहर के सबसे पुराने और धार्मिक आस्था के केंद्र इस तालाब की बदहाली और चौतरफा फैली गंदगी ने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश भर दिया है। मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया ने इस घोर लापरवाही पर कड़ा एतराज जताया है। भाटिया ने कहा कि मुख्यमंत्री की स्पष्ट मंशा थी कि प्रदेशभर के तालाबों और नदियों को साफ-सुथरा और संरक्षित किया जाए, लेकिन सतना शहर में यह अभियान कागजों तक ही सिमट कर रह गया है। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि एक ओर सरकार जल संरक्षण की बात करती है,वहीं दूसरी ओर शहर के इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक जलस्त्रोत को जानबूझकर उपेक्षित किया जा रहा है। भाटिया ने आरोप लगाया कि जगत देव तालाब शहर का गौरव



है,लेकिन इसकी साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए न तो कोई जनप्रतिनिधि सामने आया है और न ही सरकारी अधिकारी इस ओर ध्यान दे रहे हैं। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि जिम्मेदार लोग मुख्यमंत्री की मंशा को लेकर कितने उदासीन हैं। तालाब की वर्तमान स्थिति बेहद चिंताजनक है। चारों ओर फैली गंदगी,गाद और अव्यवस्था के कारण यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरा दाग लग रहा है। तीज-त्यौहारों पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुँचने वाले भक्तों को इस दूषित माहौल में मजबूरन धार्मिक कार्य संपन्न करने पड़ रहे हैं। यह स्थिति धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली है। जसविंदर सिंह भाटिया ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि यदि इस ऐतिहासिक तालाब की शीघ्रता से साफ-सफाई और जीर्णोद्धार नहीं करवाया गया,तो मध्य भारत मोर्चा को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐतिहासिक विरासत को नष्ट होते देखना और श्रद्धालुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह तालाब सिर्फ एक जल स्त्रोत नहीं,बल्कि शहर की धरोहर और आस्था का प्रतीक है,जिसकी उपेक्षा सतना के विकास और स्वच्छता अभियान पर एक काला धब्बा है।

## संविधान का सम्मान करने वालों की पार्टी है भाजपाः अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई,जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय,मोर्चा अध्यक्ष निरंजन प्रजापति समेत अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बाबा साहब डॉ.भीमराव आम्बेडकर के आदर्शों और भारतीय संविधान के सम्मान के लिए समर्पित है।उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा परिवारवाद को बढ़ावा दिया और संविधान की आत्मा को कुचलने का कामकिया,जबकि भाजपा बाबा साहब के विचारों पर चलने वाली पार्टी है।बैठक में आगामी चुनावों की तैयारियों और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर गहन चर्चा की गई।अंत में,सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे पूरी समर्पण भावना के साथ कार्य करते हुए आगामी चुनावों में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## एसडीएम ने मझगवां ने किया गढ़ीघाट बस्ती का निरीक्षण





**सतना।** मझगवां के एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर ने सोमवार को मझगवां मुख्यालय से लगी बस्ती गढ़ीघाट का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान,एसडीएम ने बस्ती की मूलभूत समस्याओं जैसे पानी और सड़क की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया औरअधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त,उन्होंने जन शिक्षा केंद्र मझगवां के तहत आने वाले विद्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता और शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए।इस निरीक्षण के मौके पर सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य,बीआर सीसी जगतेंद्रमाणि त्रिपाठी सहित विभाग के कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## नशा बेचने वालों का समाज करे बहिष्कारः एसपी




**मैहर।** संभागीय पुलिस द्वारा नशे को जड़ से खत्म करने के लिए चलाए जा रहे ताबड़तोड़ अभियान के तहत,मैहर जिला पुलिस ने अब तक 100से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। इसी क्रम में,बीते कल ग्राम कुम्हारी में पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने स्पष्ट कहा कि नशा बेचने वाला समाज का नाश कर रहा है और यदि आज इसे नहीं रोका गया तो यह कल छोटे बच्चों और नई पीढ़ी तक फैलकर समाज का विनाश कर सकता है। एसपी सिंह ने कहा कि नशा बेचने वालों को समाज के लिए घातक माना जाना चाहिए और उनके कृत्य को हत्या के समान गंभीर माना जाना चाहिए।उन्होंने समाज से ऐसे लोगों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने की अपील की। उन्होंने जनता से सहयोग मांगते हुए यह भी कहाकि नशे से जुड़ी सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी,जिससे न केवल नशा समाप्त होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियाँ सुरक्षित समाज में पलेंगी।

## किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस का कलेक्टर को ज्ञापन



**मैहर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,मैहर ने किसानों और राजस्व संबंधी ज्वलंत समस्याओं को लेकर आज कलेक्टर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी 'दद्दा' और कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता पंकज मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ज्ञापन में किसान हित से जुड़ी कई गंभीर विसंगतियों को रेखांकित किया गया है।


### धान खरीदी में असमंजसः

इस वर्ष की धान खरीदी प्रक्रिया में व्याप्त असमंजस और असामयिक वर्षा से हुई फसल क्षति के सर्वे में देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। गिरदावली (फसल सर्वे) में भ्रामक प्रविष्टियाँ कर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित करने के सुनियोजित प्रयास का उल्लेख किया गया। यूरिया और डीएपी खाद की गंभीर कमी को किसानों के लिए एक गहन संकट के रूप में चिह्नित किया गया। राजस्व अभिलेखों में त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के कारण शासन की कोदो खरीदी योजना पर भी प्रश्नचिह्न लगा है।

## एकेएस विश्वविद्यालय के विधि संकाय में 'न्याय उत्सव' का तृतीय दिवस संपन्न।



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के विधि संकाय में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित न्याय उत्सव का तीसरा दिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,सतना के जिला विधिक सहायता अधिकारी मोहम्मद जिलानी तथा सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण सतना विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मुफ्त विधिक सहायता की प्रक्रिया,महत्व और नागरिकों के अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने में सेतु का कार्य करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधि संकाय के डीन डॉ.सुधीर कुमार जैन ने की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और 'न्याय उत्सव' की इस पहल की सराहना की।



# जिले में रेत खदान को लेकर संशय बरकरार, आखिर खेत की लीज पर केन नदी के ठेकेदार की सहमति क्यों?

## जिले में रेत के कारोबार में नियमों को मनमाफिक बनाकर लम्बे अर्से से चल रहा है रेत का खेल

**जिले में केन नदी का ठेका तीन वर्ष को लेकर जिस कम्पनी को दिया गया केन नदी की सीमा में ठेकेदार का क्षेत्र तो फिर खेत की लीज में सहमति आखिरकार क्यों? किसानों के खेतों में रेत की लीज ठेकेदार की सहमति से एक वर्ष के लिए ही सही पर यह अपने आप में अजीबों गरीब दास्ता क्या संबंधित कम्पनी ने किसानों के खेतों की रेत को भी सरकार से रॉयल्टी के रूप में अपने नाम किये। यह तो जिम्मेदार ही बयां कर सकते है। कैसा नियम पन्ना जिले में चर्चा का विषय।**

**पन्ना।** रेत के कारोबार में सत्ता की ठनक तो हरदम रहती है चाहे शासन जिस पार्टी का हो। पर नदी में तो रेत के कारोबार में सत्ता असर साफतौर पर नजर आता है। तभी तो टोकन सिस्टम में रेत का खेल विगत कई वर्षों से जिले में व्यापार के रूप में फलफूल रहा है। गौरतलब बात यह है कि केन नदी जो पन्ना व छतरपुर जिले की सीमा मध्य से बनाती है वहीं रेत का कारोबार दोनों जिलों में अपने आप सुमार है। यह कॉन्टेक्ट तीन वर्ष का पन्ना में जिस कम्पनी को दिया गया। अब 1 अक्टूबर से पुनः जो लागू हो चुका है वहीं खेतों में भी रेत की खदानें जो चालू है उनमें भी ठेकेदार की सहमति जो केन नदी का ठेका लिये हुए है। उनकी मानी जा रही है। अब यहां सवाल यह उठता है कि जिस कम्पनी या संबंधित ठेकेदार ने केन नदी के क्षेत्र का कान्टेक्ट लिया तो फिर किसानों के खेतों में जो रेत की लीज खनिज विभाग द्वारा बनाई जाती है उसमें संबंधित केन नदी के रेत कम्पनी जो तीन वर्ष के लिए ठेका ले चुकी है उसकी सहमति से एक वर्ष की अवधि के लिए किसानों के खेतों की लीज बनाकर रेत का कारोबार बराबर जारी रखा जाता है। वहीं सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि क्या



किसानों की खेत को भी ठेके में लिया गया। वहीं बारिष के समय जब केन नदी में रेत खदान बंद रहती है तो किसानों के खेतों से रेत खदाने संचालित रही। इतना ही नहीं अभी जहां तक सूत्रों की माने तो केन नदी से भले ही रेत नहीं निकल रही पर खेतों की खदानें रेत की धड़ल्ले से जा रही है। उदाहरण को लेकर बीरा रेत खदान खेत में कितनी जगह किसकी-किसकी संचालित रहती है यहां संबंधित केन नदी की रेत कम्पनी ठेकेदार की कृपा से ही सही तभी तो संचालित रहती है क्योंकि इनकी सहमति जरूरी बताई जाती है खनिज अधिकारी रवि कुमार पटेल से जब जाना गया तो यह तथ्य निकलकर आया कि रेत की खदान खेत में संचालित करने के लिए संबंधीत केन नदी के ठेकेदार की सहमति जरूरी रहती है। जो अपने आप में एक बड़ा सवाल है आखिरकार क्या संबंधित ठेकेदार ने किसानों के खेतों में भी नियमों को लागू करके केन नदी की रेत की तरह स्वयं से खदान संचालित करने को लेकर अधिकार प्राप्त कर लिये। आखिर यह जो सवाल है क्या पन्ना जिले में इसे वैध कर दिया गया। या फिर पन्ना में इसको सरकार के द्वारा नियमों में लाया गया। क्योंकि खेत की लीज ठेकेदार की सहमति से कैसे? किसानों के खेत रेत की लीज के नाम पर जहां किसान को लाभ होना चाहिए वहां संबंधित ठेकेदार की कृपा के कारण इसमें लाभ का खेल चर्चा का विषय। क्या किसानों के खेतों में जो लीज बनाई जाती है उसमें ठेकेदार को कैसे सरकार के द्वारा छूट प्रदान की गई। या कैसे मालिकाना हक माना जाये जिसमें सहमति जरूरी है। आखिर क्या शासन ने किसानों के खेतों को भी अधिग्रहित कर लिया। मामला चाहे जो हो पर रेत का खेल अजीबो गरीब निष्चितौर पर सरकार चाहे जिस दल की हो सत्ता की ठनक रेत में जरूर नजर आती है। तभी तो धड़ल्ले से रेत का खेल सफेद पोषधारियों की कृपा से बाखूबी जाना जाता है। केन नदी की रेत खदानों में जितने गांवों से जितने घाटों से रेत निकाली जाती है छुटभईया नेताओं से लेकर बड़े नेताओं भी इसमें अछूती नहीं तभी तो यह पन्ना जिले में बराबर धड़ल्ले से जारी रहता है। रेत का अवैध कारोबार कहें जिसे वैध करार भी बना दिया जाता है। वहीं सड़कों की हालात व गांवों की दास्ता केन नदी के किनारे स्वयं ही बयां कर रही है किस तरह से हालात बने हुए है। आखिरकार यह खेल अपने आप में रेत का केन नदी से किसानों के खेतों तक भी खेला जा रहा है। नियम कैसे बनाये गये यह तो जिम्मेदार ही बयां कर सकते है।

## खबर संक्षेप

### शासकीय बालक छात्रावास में विधिक सेवा साक्षरता शिविर का आयोजन



**पवई।** विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना के निर्देशन मे अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोम पांडेय की मोजूदगी मे मंगलवार को शासकीय बालक छात्रावास मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे साइबर सेल, व्यवहारिक एव सामाजिक अधिकारों तथा मूल अधिकारों के संबंध मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित ड्राइविंग के सुझाव दिए माननीय पाण्डेय ने यह भी बताया कि ओभर टेकिंग से बचे निर्धारित गति से वाहन ड्राइभ कर प्रतिबंध क्षेत्रों मे हार्न का उपयोग न करे। जेब्ररा क्रासिंग के बारे मे जानवरी देते हुए कहा यह मार्ग पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए होता है वाहन नही कर सकते। शिविर के दौरान कुछ छात्रों प्रश्न किए जिसका समाधान भी किया। इस दौरान छात्रावास अधीक्षक राजभान नगायच न्यायाधीश कर्मचारी और छात्रावास के छात्र उपस्थित रहे।

### 17 महिलाओं का सफल नसबंदी ऑपरेशन संपन्न



**अमानगंज।** स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज बीएमओ डॉक्टर जयपाल अहिरवार द्वारा आयोजित महिला नसबंदी शिविर में कुल 17 महिलाओं के सफल ऑपरेशन संपन्न हुए।शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एम.एम. पांडेय एवं डॉ. माया पांडेय ने अपनी टीम के साथ मिलकर सभी ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए। शिविर के दौरान महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं भी प्रदान की गईं। स्वास्थ्य अमले ने बताया कि सभी महिलाओं की स्थिति सामान्य है और उन्हें आवश्यक दवाएं एवं निर्देश देकर घर भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस शिविर को परिवार नियोजन कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया है। बीएमओ डॉक्टर जयपाल अहिरवार ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि प्रति मंगलवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में महिला नसबंदी शिविर लगाया जा रहा है। अतः नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं और अपने परिवार के साथ टीकाकरण एवं गर्भनिरोधक सेवाओं का लाभ उठाएं।

सरकार की निगाहों से दूर ठेकेदारों की मनमानी

### एनएच-39 की मरम्मत ऐसी जगह से शुरू, जहाँ न जनता की नजर, न जवाबदेही का डर

**पन्ना।** एनएच-39 (बमीठा से सतना मार्ग) की मरम्मत का कार्य कदाचित प्रारंभ हो चुका है, परंतु जिस ढंग से शुरुआत की गई है, उसने शासन और ठेकेदारों की नीयत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कार्य की शुरुआत ऐसे सुनसान हिस्सों से की गई है, जहाँ न जनता की निगाह पहुँचती है, न मीडिया की मौजूदगी रहती है। इससे ठेकेदारों को न निरीक्षण का डर, न जवाबदेही की चिंता। सबसे अधिक बदहाली की मार देवेंद्रनगर झेल रहा है। यहाँ सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। सुबह से शाम तक धूल का ऐसा गुबार छाया रहता है कि कुछ मीटर आगे देख पाना भी मुश्किल हो जाता है। लगातार उड़ती धूल से बच्चे, बुजुर्ग और व्यापारी सब बीमार पड़ रहे हैं कृ खांसी, जुकाम और संक्रमण की शिकायतें आम हो चुकी हैं। दुकानों का सामान धूल में सना रहता है, खाने-पीने की चीज़ें दूषित हो जाती हैं, और सड़क किनारे चलना खतरे से खाली नहीं। आए दिन छोटे-बड़े दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन शासन, विभाग या जनप्रतिनिधियों ने अब तक कोई ठोस पहल नहीं की।

## पन्ना टाइगर रिजर्व में उमड़ी पर्यटकों की भारी भीड़, बाघों के दीदार से खिले चेहरे, ऑफलाइन टिकट की समस्या बरकरार

**पन्ना। मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में रविवार, 9 नवंबर 2025 को पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पार्क प्रबंधन के लिए व्यवस्थाएं संभालना एक चुनौती बन गया। देशी-विदेशी सैलानियों ने बड़ी संख्या में यहां पहुंचकर बाघों के रोमांचक दीदार का लुत्फ उठाया, जिससे वे खुशी से झूम उठे। हालांकि, इस दौरान ऑफलाइन टिकट प्राप्त करने वाले कई पर्यटकों को निराशा हाथ लगी, क्योंकि वे सफारी के लिए टिकट हासिल नहीं कर पाए।**

### बाघों के दीदार से सैलानी उत्साहित

पन्ना टाइगर रिजर्व अपनी सफल बाघ पुनरुत्पादन परियोजना के कारण देश-दुनिया में मशहूर हो चुका है। यहां बाघों की बढ़ती संख्या के चलते पर्यटकों को आसानी से बाघों के दीदार हो रहे हैं, जिससे वन्यजीव प्रेमियों का उत्साह चरम पर है। रविवार को सफारी के दौरान कई पर्यटकों को एक साथ कई बाघ (बाघिन च-151 और उसके शावक जैसे) देखने को मिले, जिसने उनके दौरे को यादगार बना दिया। प्रयागराज समेत



देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशों से आए पर्यटकों ने इस रोमांचक अनुभव को खूब सराहा।

### ऑनलाइन टिकट से सुगमता, ऑफलाइन वालों को परेशानी

पार्क में प्रवेश के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग की व्यवस्था ने यात्रा को सुगम बना दिया है। कई पर्यटक, जो पहले से ऑनलाइन बुकिंग करा चुके थे, उन्हें सफारी का मौका आसानी से मिल गया। ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल के माध्यम से पर्यटक अपनी सुविधा के अनुसार जोन और समय चुन सकते हैं। हालांकि, रविवार को बड़ी संख्या में ऐसे पर्यटक भी पहुंचे, जो मौके पर (ऑफलाइन) टिकट लेने की उम्मीद कर रहे थे। मांग बहुत अधिक होने और सफारी वाहनों की संख्या सीमित होने के कारण, कई लोगों को बिना टिकट निराश होकर लौटना पड़ा। इस स्थिति ने ऑफलाइन टिकट प्रणाली से होने वाली परेशानियों को एक बार फिर उजागर कर दिया है। पर्यटकों ने प्रबंधन से ऑफलाइन टिकट की उपलब्धता सुनिश्चित करने या व्यवस्था में सुधार की मांग की है ताकि मौके पर आने वाले सैलानियों को भी निराशा न हो।

### रिकॉर्ड तोड़ कमाई और आकर्षण का केंद्र

पन्ना टाइगर रिजर्व ने हाल के वर्षों में पर्यटकों की संख्या और राजस्व के मामले में रिकॉर्ड तोड़े हैं। यह पार्क अपनी प्राकृतिक सुंदरता और केन नदी के मनमोहक दृश्यों के कारण पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रबंधन का कहना है कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या संरक्षण प्रयासों में भी योगदान दे रही है, लेकिन साथ ही भीड़ प्रबंधन और सभी आगंतुकों के लिए सुचारू अनुभव सुनिश्चित करना एक चुनौती है।

## भागवत कथा के तीसरे दिन सती चरित्र रोचक प्रसंग

**पन्ना।** नगर के परसोत्तमपुर मधुवन पैलेस प्राँगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा वाचक व्याकरण आचार्य व्यास श्री राम दुलारे पाठक महाराज ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो। कथा वाचक श्री पाठक ने कहा कि यदि अपने गुरू, इष्ट के अपमान होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों न हो। प्रसंगवश भागवत कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा था। भागवत कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए बाल व्यास जी ने समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। श्री पाठक जी महाराज ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार



के कर्म करता है उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है। भगवान ध्रुव के सत्कर्मों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ध्रुव की साधना,उनके सत्कर्म तथा ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा के परिणाम स्वरूप ही उन्हें वैकुंठ लोक प्राप्त हुआ। कथा के दौरान महराज ने बताया कि संसार में जब-जब पाप बढ़ता है, भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में भी मनुष्य सतयुग में भगवान कृष्ण के सिखाए मार्ग का अनुसरण करे तो मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। भागवत कथा के तीसरे दिन धुरव चरित अजमिल एवं प्रहलाद,सती अनुसुइया चरित्र के विस्तार पूर्वक वर्णन के साथ संगीतमय प्रवचन दिए।कथा के साथ साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किए गए। कथा के मुख्य यजवान श्रीमती सुषमा निर्मल मिश्रा है।मिश्रा परिवार ने समस्त भागवत कथा प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा पंडाल में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## युवक कांग्रेस की भव्य स्वागत रैली

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का जोरदार अभिनंदन





**पन्ना। युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में आज पन्ना जिला मुख्यालय पर एक भव्य स्वागत रैली का आयोजन किया गया। सतना नाके से शुरू हुई यह रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए इंद्रपुरी कॉलोनी स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। रैली में जिले भर से आए पार्टी पदाधिकारी और युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। चार पहिया और दो पहिया वाहनों के साथ निकली यह रैली कार्यकर्ताओं के जोश और उत्साह से भरी हुई थी।**

### फूलमालाओं से हुआ अभिनंदन-

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का जगह-जगह फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। शहर के कई चौराहों पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। जिन प्रमुख पदाधिकारियों का रैली के माध्यम से अभिनंदन किया गया, उनमें शामिल हैं युवक कांग्रेस जिला अध्यक्षरू राजपाल सिंह सौरभ प्रदेश सचिव उदित देव सिंह प्रिंस, पन्ना विधानसभा अध्यक्ष सुशील मिश्रा, गुनौर विधानसभा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह सनी इनके साथ ही सभी ब्लॉक अध्यक्षों का भी जोरदार स्वागत हुआ, जिनमें मोहम्मद फैयाज (पन्ना), प्रेम नारायण यादव (अजयगढ़), सौरभ द्विवेदी (धरमपुर), राजा जी बुंदेला (गुनौर), सोनू चौधरी (ककरहटी), मुकेश बागरी (पवई), स्वतंत्र चौरसिया (सलेहा), शुभम रजक (शाहनगर), और राजकुमार चौधरी (रैपुरा) शामिल थे।

### लालकिले की घटना पर श्रद्धांजलि-

स्वागत रैली का समापन इंद्रपुरी कॉलोनी स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर किया गया। समापन से पूर्व, सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लालकिले में हुए बमविस्फोट में मृत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया।

### इनकी रही उपस्थिति -

राजेश तिवारी जी भुवन विक्रम सिंह केशू भैया जीवनलाल सिद्धार्थ महेंद्र बागरी दादूराम मिश्रा बन्दू यादव दीपक तिवारी अक्षय तिवारी रैहान मोहम्मद सचिन पांडे इंदू तिवारी आस्था तिवारी रहीमा खातून भभूत सिंह सौरभ दुबे निरपेन्द्र सिंह पुष्पेन्द्र सिंह देबू गौड़ मनोज द्विवेदी मनोज त्रिपाठी रियासत खान जयराम यादव राजू यादव जिगनी रिंकू खान अबरार मोहम्मद मोहम्मद फ़ैज़ इमरान राइन राजा बाबू पटेल नरेंद्र विश्वकर्मा लखन राजपूत भैरो पटेल नीरज लोधी बड़ागांव अकाश जाटव संजय सिंह राम बहोरी लोधी उमा शंकर तिवारी ओमकार लोधी अजय पाल लोधी दादू राम मिश्रा कुलदीप गर्ग रामनारायण यादव सचिन वर्मा अनुज श्रीवास मोहसिन खान सत्यम उपाध्याय हिमांशु गोस्वामी दीपेन्द्र विश्वकर्मा ब्रजेंद्र यादव आमिर खान अमित रैकवार रविन्द्र यादव अंजुल सिंह चौहान आशु खान सुहेब अहमद बख्शी भजन पटेल कुलदीप सिंह दिघोरा मृदुल अग्रवाल आशीष बागरी हिम्मत बागरी केशरी अहिरवार श्रावण तिवारी विक्रम सिंह भूपेंद्र सिंह जमुनहा गुड्डू राजा सहित कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## ऐतिहासिक कराटे टूर्नामेंट 2025

# देवेंद्रनगर में प्रतिभाओं का धमाकेदार प्रदर्शन



### आरोग्य कला कराते एंड फिटनेस एकेडमी की कराते चौंपियनशिप 2025' में 100 से अधिक बच्चों की भागीदारी, 120 मेडल्स का शानदार रिकॉर्ड

**देवेंद्रनगर।** आरोग्य कला कराते एंड फिटनेस एकेडमी द्वारा आयोजित कराते चौंपियनशिप 2025" ने इतिहास रच दिया। दो दिवसीय यह भव्य प्रतियोगिता 9 और 10 नवंबर को सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, देवेंद्रनगर में संपन्न हुई, जिसमें लगभग 100 प्रतिभाशाली बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला और साहस का प्रदर्शन किया। अकादमी के जनरल सेक्रेटरी विजय सिंह चौहान ने बताया कि इस चौंपियनशिप में प्रतिभागियों ने कुल 30 गोल्ड, 30 सिल्वर और 60 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर एक नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने कहा कि "हमारे बच्चों ने मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से यह उपलब्धि अर्जित की है।"

### कोचों और रेफरी का मार्गदर्शन बना सफलता की कुंजी-

अकादमी की सीनियर कोच एवं कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन की नेशनल रेफरी सिद्धांत सिंह चौहान ने बताया कि टूर्नामेंट में काता, कुमिते, टीम काता और ओपन काता जैसे इवेंट्स आयोजित किए गए। विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और कैश प्राइज से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि "बच्चों ने अपने कोच,



माता-पिता और अकादमी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।"

### विजेताओं की झलक-

युवराज नामदेव और मोहम्मद रेहान ने कप्तान और वाइस-कप्तान के रूप में टीम कुमिते में गोल्ड मेडल अर्जित किया। महक परवीन और रोहिणी सिंह ने गर्ल्स टीम कप्तान के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीता। तनिस भानु, सभा बेगम और निकिता सिंह ने भी गर्ल्स टीम काता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। युवराज नामदेव, मोहम्मद रेहान, हर्षित सोनी की बॉयज टीम काता ने भी गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा। आयोजन समिति और अधिकारी टूर्नामेंट में उमेद नामदेव, जितेंद्र विश्वकर्मा, सिद्धांत सिंह चौहान, रुचि सिंह चौहान, पूनम बर्मन, शालिनी तिवारी, शिवांक तिवारी, तनिस बानो, आयूश जैन, हर्षित सोनी, युवराज नामदेव, मोहम्मद रेहान, सभा बेगम, महक परवीन और निशा सोनी ने आयोजन और ऑफिशियल भूमिकाएँ निभाईं। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी ललित गुप्ता ने किया, जबकि समापन अवसर पर देवेंद्रनगर थाना प्रभारी (टीआई) विशेष रूप से उपस्थित रहे। अकादमी के अध्यक्ष श्री ललित गुप्ता, उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, जनरल सेक्रेटरी विजय सिंह चौहान, सेक्रेटरी मोहम्मद रफी, सह अध्यक्ष बृजेश सिंह चौहान, व्यवस्थापक संतोष विश्वकर्मा और गणेश विश्वकर्मा ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### चोरी सहित 3 प्रकरण में फरार तीन हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**छतरपुर।** थाना चंदला पुलिस ने वर्ष 2023 के चोरी सहित 3 प्रकरण में वांछित फरार 3000 रुपए के इनामी स्थाई वारंटी ज्ञानी उर्फ ज्ञान प्रकाश राजपूत पिता लड़कू राजपूत निवासी ग्राम छपरा थाना चंदला को गिरफ्तार किया। वारंटी को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्यवाही में एसडीओपी लवकुश नगर श्री नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदला निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर, सहायक उप निरीक्षक के एल वर्मा, सहायक उप निरीक्षक विक्रम सिंह, आरक्षक बलवीर, प्रवीण, सौरभ, धर्मेंद्र, छोटेलाल की भूमिका रही।

### फायरिंग कर हत्या के प्रयास की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा



**छतरपुर।** विगत रात्रि थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत राजनंदनी पुरम मोहल्ले में अवैध हथियार से फायरिंग कर हत्या के प्रयास संबंधी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या के प्रयास सहित समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। उक्त घटना का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचना मिलने के पश्चात 1 घंटे के अंदर दबिश देकर उक्त घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपी शुभम शर्मा पिता राम जीवन शर्मा निवासी राजनंदनीपुरम छतरपुर, सोनू उर्फ कपिल तिवारी पिता रामसनेही तिवारी निवासी राजनंदनी पुरम छतरपुर, लकी उर्फ शिवम बाजपेई पिता घनश्याम बाजपेई निवासी नरसिंहगढ़ पुरवा छतरपुर को विधिवत गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार देशी पिस्टल एवं कारतूस बरामदगी कार्यवाही की जा रही है, आरोपियों से बारीकी से पूछताछ एवं विधिवत कार्यवाही की जा रही है। विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक सतीश सिंह, उप निरीक्षक जितेंद्र सोनी, सहायक उप निरीक्षक गोकुल सिंह, प्रधान आरक्षक राजीव आरक्षक मुकेश, अमन, अशोक, धर्मेंद्र, हरेंद्र की भूमिका रही।

### 13 दिसंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

**छतरपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशन में एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष रविंदर सिंह के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

जिसके संबंध में द्वितीय जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में आगामी 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में क्लेम प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण किए जाने हेतु न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी एवं नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्तागण के साथ मंगलवार को बैठक का आयोजित की गई।

उक्त बैठक में विष्णु प्रसाद सोलंकी, सचिव एवं न्यायाधीश, डॉ. वीरेन्द्र चढ़ार जिला विधिक सहायता अधिकारी भी उपस्थित रहें। साथ ही उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने क्लेम प्रकरणों में आ रही समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निपटारा कराये जाने के संबंध में चर्चा की।उक्त बैठक में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ताओं ने भी भाग लिया। उपस्थित सभी अधिवक्तागण ने उनके द्वारा पैरवी किए जा रहे प्रकरणों के बारे में जानकारी दी गई।

### कदारी पूर्व सरपंच गोलू द्विवेदी पर साजिश रचने के लगाएं आरोप, जनसुनवाई में दिया गया आवेदन

# फर्जी रिपोर्ट तैयार कर हड़पी जा रही किसानों की पुस्तैनी जमीन, गोलू सरपंच को बताया मास्टर माइंड

**छतरपुर।** छतरपुर। तहसील छतरपुर के अंतर्गत ग्राम कदारी का एक मामला जनसुनवाई में मंगलवार को आया जिसमें मिश्रा परिवार ने अपनी पुस्तैनी जमीन हडपने के आरोप लगाते हुए इस पूरे मामले में एसडीएम, तहसीलदार, हल्का पटवारी पूर्व तहसीलदार पूर्व एसडीएम और कदारी पूर्व सरपंच गोलू द्विवेदी की मिलीभगत बताया। ग्राम कदारी निवासी महेन्द्र मिश्रा और नरेन्द्र मिश्रा अपने परिवार के साथ मंगलवार को जिला पंचायत में होने वाली जनसुनवाई पहुंचे और जिला कलेक्टर को आवेदन देने के बाद मीडिया के सामने जो गंभीर आरोप राजस्व अधिकारियों और कदारी के पूर्व सरपंच पर लगाए उन आरोपो को सुनकर थोड़ा आश्चर्य तो हुआ लेकिन पीड़ित परिवार के बयानों और आवेदन के आधार पर यह मानना पड़ रहा है कि राजस्व अधिकारी भी लालच में आकर इस तरह का खेल किसानों के साथ खेल सकते है। आवेदक महेन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि फर्जी जांच रिपोर्ट तैयार कर के भूमि प्रविष्टिया बदली गई और अपर कमिश्नर के आदेश की अवहेलना करते हुए भूमि बेचने की साजिश भी रची गई, जबकि यह उनकी पैतृक जमीन है। आवेदक ने इस मामले में जिला प्रशासन से धारा 111 बीएनएस में कार्यवाही की मांग की है।



**पीड़ित परिवार ने लगाए आरोप -**

पीड़ित महेन्द्र मिश्रा और नरेन्द्र मिश्रा ने दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि 17 अक्टूबर 2025 को एसडीएम और तहसीलदार ने गोपनीय तरीके से आदेश कर के उनकी पुस्तैनी जमीन में दूसरे लोगों के नाम चढवा दिए। उन्होंने जब 22 अक्टूबर को आनलाईन मोबाईल पर अपने जमीन के खाते देखे, तो पता चला कि उनके खसरा नं. पर 10-10 लोगों के नाम दर्ज है। तब जानकारी लगने पर उनके द्वारा इस पर आपत्ति जाहिर की गई है।

**गोलू द्विवेदी कदारी को बताया मास्टरमांइड -**

महेन्द्र मिश्रा ने मीडिया के सामने दिए गए बयानों में स्पष्ट तौर पर आरोप लगाया है कि पूर्व सरपंच गोलू कदारी इस पूरे मामले का मास्टर मांइड है। उनकी जमीन पर दूसरों के नाम दर्ज कर गोलू कदारी को बेचने की पूरी साजिश रच ली गई थी और इस पूरी साजिश में उन्होंने गोलू कदारी के शामिल होने के आरोप लगाए। महेन्द्र मिश्रा का आरोप है कि गोलू कदारी के विरोध में उन्होने चुनाव लड़ा था इसलिए चुनावी रजिंश के तहत इस तरह की साजिश रची गई है। उन्होंने बताया कि जमुना अरविंद सहित 10 लोगों के नाम उनकी जमीन के खसरा नबंर पर दर्ज हो चुके है।

**1960 में पूर्वजों के नाम हुआ था नामातंरण -**

महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि बर्ष 1960 में उनके दादा के नाम उक्त जमीन का नामातंरण हुआ था। 2022 में एक फर्जी आवेदन भूमि सुधार का लगाया गया था। तब तत्कालीन एसडीएम बलबीर रमण ने जांच प्रतिवेदन तैयार कर इसे सिविल माना था और निरस्त कर दिया था। कलेक्टर ने भी इन्हें अनुमति नही दी थी केवल एक शर्त पर अनुमति दी गई थी कि दोनो पक्ष अपने अपने दस्तावेज प्रस्तुत करें। लेकिन एसडीएम ने उन्हें कोई नोटिस दिए बिना उनकी पुस्तैनी जमीन पर दूसरो के नाम दर्ज करा दिए। महेन्द्र मिश्रा का यह भी कहना है कि जब उन्होंने हल्का पटवारी से बात की तो पटवारी ने बताया कि एसडीएम के आदेश से मैंने किया है जब इस संबंध में एसडीएम अखिल राठौर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं बाद में इस संबंध में बात करता हूं। और फोन काट दिया

# अनुविभागीय अधिकारी के यहां लंबित अपील प्रकरण के शीघ्र निराकरण की मांग

### भूतपूर्व सैनिक ने लगाई न्याय की गुहार, भाई पर फर्जी बंटवारे का आरोप




**छतरपुर। भूतपूर्व सैनिक गौरीशंकर त्रिपाठी ने अपने भाई पर पैत्रिक कृषि भूमि का फर्जी बंटवारा करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम आवेदन दिया है। उन्होंने अपने आवेदन में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग छतरपुर में लंबित प्रकरण के शीघ्र निराकरण की मांग की है।**

आवेदन में गौरीशंकर ने बताया कि वह भारतीय सेना से 31 जुलाई 2007 को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवाकाल के दौरान देश सेवा में व्यस्त रहने का लाभ उठाते हुए उनके भाई रमेश त्रिपाठी ने छल-कपट एवं फर्जी तरीके से पैत्रिक कृषि भूमि का बंटवारा अपने पक्ष में कर लिया। चूंकि रमेश उस समय सचिव के पद पर कार्यरत था, इसलिए उसने फर्जी प्रस्ताव डालकर यह बंटवारा संपन्न कर लिया। भूतपूर्व सैनिक ने बताया कि उन्होंने इस फर्जी बंटवारे को निरस्त करवाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी छतरपुर के न्यायालय में अपील दायर की है, लेकिन मामला लंबे समय से लंबित है। इस देरी के चलते उन्हें न्याय मिलने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने यह भी आशंका जताई है कि दूसरा पक्ष अधिकारियों और कर्मचारियों से सांठगांठ कर प्रकरण का निर्णय अपने पक्ष में करवाने का प्रयास कर रहे हैं। गौरीशंकर त्रिपाठी ने कलेक्टर से मांग की है कि उनकी अपील का निराकरण शीघ्र अति शीघ्र करवाया जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और फर्जी बंटवारे से मुक्ति मिल सके।

# 10 महीने से वेतन से वंचित स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी




### सेडमेप पर अनुबंध निरस्त करने की मांग तेज

**छतरपुर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सैकड़ों आउटसोर्स कर्मचारियों की आर्थिक हालत अब चरमरा चुकी है। सेडमेप, भोपाल के माध्यम से नियुक्त इन कर्मचारियों को पिछले 10 महीनों से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर से वेतन दिलाए जाने और सेडमेप का अनुबंध निरस्त कर नई एजेंसी नियुक्त करने की मांग की है।

सीएचसी खजुराहो में कार्यरत स्वीपर गीता पथौरिया ने बताया कि उन्हें 5-6 महीनों से वेतन नहीं मिला, अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं। वहीं कर्मचारी लल्लोबाई ने कहा कि उन्हें कार्य से निकाल भी दिया गया और पिछले 10 महीनों का वेतन बकाया है। जनसुनवाई में कर्मचारियों ने बताया कि उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश के माध्यम से 1 दिसंबर 2024 से 30 नवंबर 2025 तक का अनुबंध किया गया था। परंतु संस्था द्वारा अब तक कर्मचारियों का ईपीएफ और ईएसआईसी जमा नहीं किया गया, जो कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

जानकारी के अनुसार छतरपुर जिले में करीब 430 आउटसोर्स कर्मचारी और सुरक्षा गार्ड विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत हैं। इनमें से अधिकांश कर्मचारी दिसंबर 2024 से अब तक वेतन से वंचित हैं। इस कारण कर्मचारियों के घरों में आर्थिक संकट गहराता जा रहा है कई परिवारों का चूल्हा तक नहीं जल पा रहा, बच्चों की पढ़ाई रुकने की स्थिति में है, और दुकानदारों ने उधार देना बंद कर दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय ने सेडमेप को सभी बकाया भुगतान कर दिया है, लेकिन संस्था ने अब तक कर्मचारियों के खातों में राशि नहीं डाली। सीएमएचओ कार्यालय की ओर से सेडमेप को कई बार चेतावनी पत्र भी जारी किए गए, फिर भी वेतन वितरण की कार्रवाई नहीं की गई। कर्मचारियों ने मांग की है कि यदि संस्था वेतन भुगतान करने में असमर्थ है, तो उसका अनुबंध तत्काल निरस्त कर किसी नई कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी जाए, ताकि कर्मचारियों को उनका हक मिल सके।

# जमीन विवाद में नहीं करने दे रहे बुवाई, महिलाओं के ट्रैक्टर के नीचे लेट जाने से किसान परेशान

### पीड़ित ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर। जिले की सटई तहसील के ग्राम बटटयन नदगॉय निवासी छन्नू अहिरवार पिता पलुआ अहिरवार ने कलेक्टर को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदक ने बताया कि उसकी जमीन पर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जिसके कारण बुवाई करने में लगातार बाधा डाली जा रही है।**



आवेदक के अनुसार अनावेदक पूरन अहिरवार, कल्लू अहिरवार और बब्बू अहिरवार अपनी पत्नियों व बच्चियों को खेत पर भेज देते हैं और जानबूझकर विवाद खड़ा करते हैं। भारती अहिरवार ने बताया कि जब भी ट्रैक्टर लेकर बुवाई करने जाते हैं तो अनावेदक पक्ष की महिलाएं ट्रैक्टर के नीचे लेट जाती हैं, जिससे ट्रैक्टर चालक डरकर भाग जाता है। पीड़ित छन्नू अहिरवार ने बताया कि वह गरीब अनुसूचित जाति वर्ग का व्यक्ति है और मप्र शासन व पुलिस प्रशासन के सहयोग से खेत की बुवाई कराना चाहता है। उसने बताया कि बुवाई के लिए दो क्विंटल गेहूं और दो बोरी डीएपी खाद मौके पर रखी हुई है, लेकिन विवाद के कारण वह बुवाई नहीं कर पा रहा। आवेदक ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उसे सुरक्षा उपलब्ध कराकर खेत की बुवाई कराई जाए तथा अनावेदकगणों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए।

# युवक ने फांसी लगाई, परिजनों ने शव लेने से किया इंकार

### आरोपियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे परिजन, देर रात तक पुलिस समझाती रही



**घुवारा।** भगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत घुवारा वार्ड नंबर 2 में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां रहने वाले 22 वर्षीय सुरेंद्र सिंह ने बीती रात अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही भगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू कर दी। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने आरोपियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर शव को घुवारा उप थाना परिसर में रख दिया और न्याय मिलने तक शव लेने से इंकार कर दिया। देर रात तक परिजन थाना परिसर में ही डटे रहे। पुलिस द्वारा लगातार समझाइश देने के बावजूद परिजन अपनी मांग पर अड़े रहे। मृतक के परिजन राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सुरेंद्र को उसके पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग लंबे समय से प्रताड़ित कर रहे थे, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। इस संबंध में भगवां थाना प्रभारी कृपाल मार्को ने बताया कि मामले की जांच जारी है। परिजनों को समझाइश दी जा रही है और जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

### एन.सी.सी. कम्पनी पर फसल नष्ट करने का आरोप, मुआवज़े और कार्रवाई की मांग



**छतरपुर।** केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत कार्य कर रही कम्पनी एन.सी.सी. पर ग्राम वरद्वाहा थाना बमीठा, तहसील राजनगर के ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मांग की है कि कंपनी द्वारा फसलों को जेसीबी से नष्ट किए जाने पर उन्हें उचित मुआवज़ा दिलाया जाए और कंपनी के जिम्मेदार कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ग्रामवासियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि वे सभी कृषि पर निर्भर हैं और उनके परिवारों का भरण-पोषण खेती से ही होता है। दिनांक 06 नवंबर 25 को एन.सी.सी. कम्पनी के कर्मचारी जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और ग्रामीणों की खेती वाली भूमि में लगी गेहूं, राई और चना की फसलों को उजाड़ दिया। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो कर्मचारियों ने उन्हें धमकी दी कि यदि कोई मशीन के पास आया तो उसे गाड़ दिया जाएगा और फर्जी मुकदमे में फँसा दिया जाएगा। ग्रामवासियों ने बताया कि कंपनी के कर्मचारियों ने खेतों में लगी फसलों के साथ-साथ मेड़ पर लगी बाड़ भी उखाड़ दी, जिससे जानवर खेतों में घुसकर बची-खुची फसल भी नष्ट कर गए। ग्रामीणों को इससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामवासियों ने यह भी कहा कि यदि उनकी भूमि केन-बेतवा लिंक परियोजना या एन.सी.सी. कम्पनी के अधीन आती है, तो उसका विधिवत अधिग्रहण कर उचित मुआवज़ा दिया जाए, अन्यथा कंपनी द्वारा उनकी भूमि जबरन हड़पने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि एन.सी.सी. कम्पनी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए तथा नष्ट हुई फसल का मुआवज़ा शीघ्र प्रदान किया जाए, ताकि ग्रामीणों को आर्थिक संकट से राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में पानाबाई, श्यामलाल, बाबूलाल, बालादीन, नरेन्द्र पटेल, ऊषा पाल, बेनीबाई, नीलेश पाल, बाला पाल, गनेश, कमलेश, शिवम, सुमित, कंदू, अरविंद सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### निवाड़ी की युवती पर लगाया परिवार को ब्लैकमेल करने और हमला करने का आरोप

# पति को हनीट्रैप में फंसाने की धमकी, महिला ने एसपी को दिया आवेदन

**छतरपुर।** शहर की तुलसा दुबे ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर निवाड़ी निवासी एक युवती पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तुलसा दुबे ने बताया कि उनके पति महेन्द्र दुबे को उक्त युवती पिछले छह महीने से परेशान कर रही है। आए दिन रुपए की मांग करती है और झूठे बलात्कार के मामले में फंसाने की धमकी देती है। तुलसा दुबे के अनुसार युवती लगातार फोन कर उनके पति और परिवार को



बदनाम करने की धमकियां दे रही थी। इसी तनाव में पूरा परिवार मानसिक रूप से टूट चुका है। बीते दिनों उक्त युवती ने उन्हें और उनके पति को बगराजन माता मंदिर बुलाया, जहां अपने साथियों के साथ हमला कर दिया गया। किसी तरह जान बचाकर वे वहां से भागे, लेकिन उसके बाद से उनके पति महेन्द्र दुबे का कोई पता नहीं चल रहा है। उनका मोबाइल भी बंद है। महिला ने बताया कि उक्त युवती छतरपुर के कई अन्य लोगों के संपर्क में रहकर हनी ट्रैप गिरोह चला रही है और पहले भी कई लोगों को ब्लैकमेल कर चुकी है। तुलसा दुबे ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उक्त युवती की कॉल डिटेल निकलवाई जाए ताकि गिरोह में शामिल अन्य लोगों का भी खुलासा हो सके। उन्होंने कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उनके पति के साथ किसी अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। महिला ने पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया है कि आरोपित युवती के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उनके परिवार को न्याय दिलाया जाए।

# नाबालिग बेटी की तलाश में दंडवत करते हुए एसपी ऑफिस पहुंची मां, पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

### बिजावर थाना पुलिस पर गंभीर आरोप, 4 माह से नाबालिग बेटी नहीं मिली, आरोपी खुलेआम घूम रहे

**छतरपुर।** भगवां थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा की रहने वाली सीता गर्ग मंगलवार को दंडवत करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने वहां आवेदन सौंपकर अपनी नाबालिग बेटी की तलाश कराने की गुहार लगाई। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने उनकी बेटी की रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है।

सीता गर्ग ने अपने आवेदन में बताया कि आरोपी उपेन्द्र उर्फ छोटू पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, देवीप्रसाद पाण्डेय और विध्या पाण्डेय सभी निवासी ग्राम धरमपुरा उनकी लगभग 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। आवेदिका ने बताया कि उनकी बेटी पिछले चार-पांच महीनों से अपने ननिहाल ग्राम बिजावर में रह रही थी, वहीं से आरोपीगण



उसे अपने साथ ले गए। इस संबंध में उन्होंने बिजावर थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने न तो आरोपियों पर कोई कार्रवाई की और न ही उनकी बेटी को अब तक मुक्त कराया। सीता गर्ग ने बताया कि उनकी बेटी ने आरोपियों के चंगुल में रहते हुए फोन पर उनसे बात की थी, जिसकी रिकॉर्डिंग उनके पास मौजूद है। उन्होंने आशंका जताई है कि यदि समय रहते पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो आरोपी उनकी बेटी की हत्या भी कर सकते हैं। आवेदिका ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपीगण के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए उनकी नाबालिग बेटी को जल्द से जल्द उनके कब्जे से मुक्त कराया जाए।

## खबर संक्षेप

### सुमंगल साइकिल दिवस में कमिश्नर साइकिल से पहुंचे कार्यालय



रीवा। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए मंगलवार को पेट्रोल और डीजल चलित वाहनों के उपयोग के स्थान पर साइकिल या ई-रिक्शा के उपयोग की पहल की गयी है। इसके लिए प्रत्येक मंगलवार को सुमंगल साइकिल दिवस मनाया जाता है। सुमंगल साइकिल दिवस पर कमिश्नर जामोद साइकिल से कार्यालय पहुंचे। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी साइकिल से कार्यालय पहुंचे।

### पुराने आवास गिराने का कर्मियों ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

रीवा। श्यामशाह मेडिकल कॉलेज परिसर में नवीन निर्माण के लिए पुराने भवन गिराए जा रहे हैं। इसके लिए प्रबंधन ने कर्मचारियों को भवन खाली करने नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के विरोध में कर्मचारियों ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री राजेंद्र शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि गत 18 अक्टूबर को भी ज्ञापन सौंपा गया था। तब आश्वासन मिलने पर मकान खाली कराने की कार्यवाही रुकी। अब फिर से कॉलेज अधिष्ठाता ने भवन खाली करने नोटिस जारी कर दिया है। अतः मंत्री से हस्तक्षेप की मांग कर्मचारियों ने की है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि परिसर के सरकारी आवासों में 506 परिवार रहते हैं। अस्पताल की ड्यूटी आकस्मिक रहती है। ऐसे में देर रात दूर से आना-जाना सम्भव नहीं होगा। साथ ही, बीच सत्र में घर खाली करने से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होगी। कर्मचारियों ने मांग उठाई कि नए आवासीय भवन बन जाने के बाद ही कर्मचारियों से पुराने आवास खाली कराया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजेश सिंह, हीरालाल कोल, शकील सहित दो दर्जन से ज्यादा कर्मी उपस्थित रहे।

### भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ति 12 नवम्बर तक आमंत्रित

रीवा। पटवारी हल्का इटौरा ग्राम इटौरा में उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के लिए शासकीय आराजी नंबर 670/1 रकवा 0.849 के लिए आपत्ति 12 नवम्बर तक नायब तहसीलदार हुजूर के न्यायालय में की जा सकती है। नियत दिनांक के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदक मान्य नहीं होगे।

### सुबह 9 बजे से पहले नहीं खुलेंगे स्कूल

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्कूलों के खुलने के समय और संचालन के परिवर्तन के संबंध में आदेश दिये हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जिले के तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। सुबह विद्यार्थियों को स्कूल जाने में कठिनाई हो सकती है। इस लिए कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के सभी स्कूलों का संचालन सुबह 9 बजे से पहले न किया जाय। स्कूल सुबह 9 बजे के बाद खोले जिससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर किसी तरह का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। यह आदेश जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा। आदेश सभी सीबीएससी, आईसीएससी तथा माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध स्कूलों पर भी लागू होगा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक शिक्षा मिशन तथा सभी प्राचार्यों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### युवा उत्सव का आयोजन आज से

रीवा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री की मंशानुसार पंच प्राण और आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान के उद्देश्य से 12 से 16 जनवरी 2026 तक नई दिल्ली में 28 वां राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान विज्ञान मेला एकल, समूह लोक नृत्य में 10 तथा समूह लोक नृत्य गायन में 10, कविता, लेखन, भाषण, पेंटिंग तथा कहानी लेखन में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 12 नवम्बर को सुबह 9 बजे से स्पोर्टस काम्पलेक्स में किया गया है। इसी तरह संभाग स्तरीय आयोजन 13 नवम्बर को स्पोर्टस काम्पलेक्स में आयोजित किया जायेगा। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के. धौलपुरी ने बताया कि जिला स्तरीय आयोजन में सभी विधाओं में युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों को आवेदन फार्म के साथ फोटो, आधारकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची, बैंक पासबुक की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए खेल और युवा कल्याण विभाग स्पोर्टस काम्पलेक्स में उपस्थित होकर अथवा मोबाइल नंबर 9669012672, 9479315347 पर संपर्क किया जा सकता है।

## नरवाई जलाने पर धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

# नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण तथा मिट्टी की उर्वरता के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में 13 अक्टूबर से लागू हो गया है।



रीवा।

यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं होने के कारण इसे भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार खरीफ फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से फसल की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें फसल काटने की अनुमति नही दी जायेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाने के स्थान पर फसल के अवशेष को एकत्रित करके पशुओं के भोजन के रूप में उपयोग करें। फसल अवशेष का उपयोग कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस बनाने में भी किया जा रहा है। इससे किसानों को अतिरिक्त राशि प्राप्त होगी। किसान यदि धान के बाद अन्य कोई फसल लेना चाहता है तो हैप्पी सीडर और सुपर सीडर से फसल की बोनी करे। इससे नरवाई मिट्टी में मिलकर खाद के रूप में फसल के लिए पोषण का कार्य करेगी। नरवाई को बेलर, रैकर एवं चापर मशीन की सहायता से बंडल बनाकर औद्योगिक ईंधन के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी 2017 के नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दण्ड आरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा भी फसल अवशेष अथवा नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने पर किसान पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश को पालन कराने के लिए अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। साथ ही सभी अनुभागों में एसडीएम की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित की गई है। आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए खण्ड स्तर पर नायब तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी एवं थाना प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जिला दण्डाधिकारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारी के साथ नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार कर तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

## आम रास्ता को अतिक्रमण से मुक्त किये जाने का दिया गया आवेदन

# जनसुनवाई में 77 आवेदकों ने दिये आवेदन



रीवा।

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार मिश्रा एवं जीपी अग्रवाल ने 77 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में अजय कुमार लोनिया एवं भैयालाल लोनिया त्योंथर के शासकीय रास्ते के अतिक्रमण मुक्त करने, दशरथ चर्मकार त्योंथर के शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने के आवेदनों पर संबंधित एसडीएम को कार्यवाही हेतु आवेदन पत्र प्रेषित किये गये। इसी प्रकार गढ़ निवासी बृजमोहन प्रसाद पाण्डेय ने सरपंच एवं सचिव द्वारा रास्ता अतिक्रमण किये जाने का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार मनगवां को समुचित कार्यवाही करने के लिये प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में हाजी मो. अब्बास रीवा निवासी के पैतृक भूमि के अतिक्रमण हटाने के आवेदन पर नजूल अधिकारी, गढ़वा निवासी श्यामसुंदर साकेत के स्वसहायता समूह की जांच करने के आवेदन पर एसडीएम हुजूर को तथा गोविंदगढ़ निवासी नंदलाल साकेत के सीमांकन की जानकारी न देने के उपरांत सीमांकन किये जाने के आवेदन तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। दुआरा के नित्यराघव शुक्ला एवं अन्य आवेदकों द्वारा आंधी तूफान से क्षतिग्रहण विद्युत पोल को सीधा कर सुधार किये जाने व गोहटा निवासी धीरज मिश्रा के बिजली कनेक्शन न दिये जाने के आवेदन में विद्युत मंडल के अधिकारी को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। निशा बंसल गंगहरा द्वारा बीपीएल कार्डधारी वीरेन्द्र प्रसाद मिश्रा के विरूद्ध जांच किये जाने के आवेदन पर कार्यवाही करने के निर्देश जनसुनवाई में अधिकारियों को दिये गये।

# मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से अधिकारियों को दिए निर्देश

रीवा।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से प्रदेश की कानून और व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक स्थलों तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा के उचित प्रबंध करें एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैण्डों पर कड़ी निगरानी रखें। जिले में अतिविशिष्ट व्यक्तियों के दौरे के समय भी सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखे। भोपाल में इजिमा मेले का आयोजन होने जा रहा है जिसमें लाखों लोग शामिल होंगे। इसमें भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। सभी जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मैदानी अमले की सक्रियता बढ़ाकर कानून और व्यवस्था की निगरानी करें। असामाजिक तत्वों तथा कानून और व्यवस्था को चुनौती देने वाले अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करें। प्रदेश में कानून और व्यवस्था बनाये रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 नवम्बर को जबलपुर और अलीराजपुर में जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय समारोह होंगे। इनके साथ-साथ प्रत्येक जिले में भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसके लिए समुचित प्रबंध कर लें। सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए लागू भावांतर योजना में 13 नवम्बर को सिंगिल क्लिक से राशि जारी की जायेगी। इससे एक लाख पच्चीस हजार किसानों को 230 करोड़ रूपये की भावांतर राशि मिलेगी।वीडियो कान्फ्रेसिंग में बताया गया कि एक दिसंबर से कोदो और कुटकी का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जायेगा। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि कलेक्टर्स नरवाई जलाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्यवाही करें। नरवाई प्रबंधन के लिए रोटावेटर, हैप्पीसीडर और सुपर सीडर के उपयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। वीडियो कान्फ्रेसिंग में कमिश्नर कार्यालय सभागार से कमिश्नर बी.एस. जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी हेमंत चौहान, उपायुक्त एलआर अहिरवार उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान वीडियो कान्फ्रेसिंग में शामिल हुए।

# कमिश्नर ने डिप्टी कलेक्टर बनी प्रिया अग्रवाल को किया सम्मानित

रीवा।



कमिश्नर कार्यालय में आयोजित समारोह में कमिश्नर बीएस जामोद ने डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल को सम्मानित किया। कमिश्नर ने शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर सुश्री अग्रवाल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर कमिश्नर जामोद ने कहा कि प्रिया अग्रवाल ने श्रम पदाधिकारी के रूप में अपने दायित्व का भलीभांति निर्वहन करते हुए लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी की। प्रिया ने परीक्षा में 6वीं रैंकिंग के साथ डिप्टी कलेक्टर बनकर हम सबका और पूरे विन्ध्य का मान बढ़ाया है। आपने महिला वर्ग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ। प्रिया ने सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण से कार्य किया आपका मधुर व्यवहार और कार्य करने की लगन सदैव स्मृति में रहेगी। इस अवसर पर सुश्री प्रिया अग्रवाल ने कहा कि मेरे सफलता को सभी अधिकारियों ने अपनी सफलता मान कर जो स्नेह और सम्मान दिया है उसके लिए मैं ह्मदय से आभारी हूँ। मैंने मार्च 2025 में रीवा में जिला श्रम पदाधिकारी का पद भर ग्रहण किया। मुझे 8 महीने के छोटे से कार्यकाल में शासकीय कार्यों और उत्तरदायित्वों को निभाने का बहुत अच्छा अनुभव मिला। कमिश्नर सर और कलेक्टर मैडम के मार्गदर्शन में विभागीय कार्य तथा जनकल्याण के कार्यों को करने की प्रेरणा मिली। मेरी डूटी जल गंगा संवर्धन अभियान में संभागीय दल में लगाई गयी थी। अभियान को मैंने बहुत करीब से देखा और उसमें भागीदारी निभाई। इंटरव्यू में मुझसे जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में भी कई प्रश्न पूछे गये। जिनके उपयुक्त उत्तर मेरी सफलता का आधार बनें। कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व एलआर अहिरवार तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# वृद्ध की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

रीवा।

वृद्ध की हत्या के मामले में फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हनुमना के कोन में आरोपियों ने सोहनलाल कुशवाहा के परिवार के साथ मारपीट की थी जिसमें गंभीर रूप से घायल छोटेलाल की अस्पताल में मौत हो गईकरार आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से दो-दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। रविवार रात तीन आरोपियों की लोकेशन पुलिस ने ट्रेस की जो हनुमना बाजार से यूपी तरफ जा रहे थे। सूचना मिलते ही बार्डर पर पुलिस ने घेराबंदी कर दी और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में चिंतामणि पाठक पिता जगदीश पाठक 73 साल, नीलेश पाठक पिता रामप्रसाद पाठक 29 साल, श्रीकांत पाठक उर्फ शिवाकांत पाठक 33 वर्ष निवासी कोन थाना हनुमना शामिल है। थाना प्रभारी अनिल कांकड़े ने बताया कि तीनों आरोपी घटना के बाद बाहर भाग गए थे। भागते समय पुलिस के हाथ लग गए। उनको न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# हनुमना में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन




मऊगंज

जिले के हनुमना जनपद की शासकीय हाई स्कूल चरैया में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार विधिक सेवा सप्ताह के अवसर पर न्यायालय हनुमना के द्वारा शासकीय हाई स्कूल चरैया के प्राचार्य शैलेन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में महिला बाल अपराध एवं सायबर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जागरूकता प्रदान करने के लिए न्यायमूर्ति संदीप नामदेव मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं गवर्नमेंट लॉ कॉलेज मुंबई एंड एशियन स्कूल ऑफ सायबर लॉ से सर्टिफाइड सायबर क्राइम एक्सपर्ट मोहित मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। न्यायमूर्ति संदीप नामदेव के द्वारा बच्चों को महिला एवं बाल अपराध के बारे में विस्तार से बताया गया एवं उससे बचने का उपाय भी बताया गया एवं सभी बच्चों को यह भी बताया गया कि समय बहुत कीमती है और इस समय बच्चों को केवल अपनी स्टडी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद सायबर क्राइम एक्सपर्ट मोहित मिश्रा के द्वारा आधुनिक समय में टेक्नोलॉजी के जरिए बढ़ रहे महिला एवं बाल अपराध के बारे में विस्तार से बताया गया और उससे बचने का उपाय भी बताया गया और साथ ही साथ टेक्नोलॉजी के सही इस्तेमाल के जरिए बच्चे घर बैठे अपनी स्टडी कैसे कर सकते हैं और कैसे अच्छे अंक लाकर अपना उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं और समाज में अपना मान सम्मान बना सकते हैं और अपने साथियों को भी टेक्नोलॉजी के सही इस्तेमाल के जरिए पढ़ाई के प्रति जागरूक करके उत्साह बढ़ा सकते हैं। सायबर अपराध में ऑनलाइन धोखाधड़ी,UPI फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, अश्लील फोटो, वीडियो के जरिए ब्लैकमेलिंग जैसे कई मुद्दों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई और उसके बचाव के बारे मे विस्तार से बताया इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र मिश्रा त्रिवेणी प्रसाद साहू (ms), ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला (ms), हृदय नारायण सिंह (ms), रामसजीवन पाल (ms), शिवराज बहादुर सिंह (ms), सुनील कुमार साकेत (ms), श्यामलाल साकेत, गिरिजा कोल, रामकुमार पटेल, प्रदीप कुमार पटेल, रूबी केशरी, प्राची द्विवेदी, कविता पाण्डेय, अखिलेश हरिजन, विद्याशंकर द्विवेदी सहित समस्त स्टॉप एवं बच्चों सहित कुछ गांव से आए हुए आगंतुकों की मौजूदगी कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय परिवार के द्वारा न्यायमूर्ति श्री संदीप नामदेव जी एवं सायबर क्राइम एक्सपर्ट मोहित मिश्रा जी का माल्यार्पण के द्वारा स्वागत किया गया एवं बालिकाओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों के द्वारा समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम को आयोजित कराकर इसका लाभ प्रदान कराए जाने की इच्छा भी जाहिर की गई।

# संभाग को ई-आफिस में टॉप-टेन में पहुंचायें - कमिश्नर

रीवा



संभाग ई-आफिस में पहुंचा प्रदेश में 12वें स्थान पररीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। संतुष्टिपूर्वक प्रकरणों का निराकरण कराकर विभागों की रैंकिंग में सुधार करें। गृह विभाग ने इस सप्ताह 657 प्रकरण निराकृत करके बहुत अच्छा कार्य किया है। राजस्व, पीएचई, खाद्य, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। समाधान ऑनलाइन के एजेंडा बिन्दुओं लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि ई-आफिस प्रणाली में सभी अधिकारी अच्छा कार्य कर रहे हैं। रीवा संभाग ई-आफिस में जिले तथा संभाग की संयुक्त रैंकिंग में प्रदेश में 12वें स्थान पर पहुंच गया है। फाइलों का ई-आफिस से मूवमेंट बढ़ाकर संभाग को टॉप टेन में पहुंचाये। बैठक में कमिश्नर ने सड़कों के सुधार, खाद और बीज के वितरण, पेयजल व्यवस्था, पेंशन प्रकरणों के निराकरण तथा जनजातीय गौरव दिवस के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल को सम्मानित किया गया। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व एलआर अहिरवार तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनजातीय गौरव दिवस रथयात्रा को कलेक्टर ने दिखाई हरी झण्डी

मऊगंज

भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी जा रही है। मुख्य समारोह 15 नवम्बर को कलेक्ट्रेट मऊगंज में आयोजित किया जायेगा। इस क्रम में जिले भर में जनजातीय गौरव यात्रा निकाली जायेगी। जनजातीय गौरव रथयात्रा 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिले के सभी विकासखण्डों का भ्रमण करेगी। कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर में रथयात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जिले के जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक विकास का संदेश देने के लिए रथयात्रा आयोजित की जा रही है। रथयात्रा खुटहा आदिवासी बस्ती, खैरा, फरहदा, डिघिवार, सीतापुर, देवतालाब और भीर का भ्रमण करके उत्कृष्ट बालक छात्रावास में रात्रि विश्राम करेगी। रथयात्रा 12 नवम्बर को दमोगढ, खटखरी, बिछरहटा, बरौव, गौरी और शाहपुर का भ्रमण करते हुए बालक छात्रावास चरैया में विश्राम करेंगी। रथयात्रा 13 नवम्बर को हनुमना, मिसिरगवां,



लासा, लौड़ी, हाटा, प्रतापगंज तथा घोगम का भ्रमण करते हुए बालक छात्रावास पिपराही में विश्राम करेंगी। रथयात्रा 14 नवम्बर को बीरादेई नगवार, जडकुड़, पिपराही, हर्रई प्रताप सिंह, सरदमन तथा बहेराडबर का भ्रमण करके बालक छात्रावास दमोदरगढ में रात्रि विश्राम करेंगी। रथयात्रा 15 नवम्बर को दमोदरगढ़ से प्रस्थान कर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय गौरव दिवस समारोह में शिरकत करेंगी।